कार्यालय उपजिलाधिकारी कालाढूंगी जिला नैनीताल।

पत्रांक सं0 142 / ना0ना0 / 2020 दिनांक 7.10.2020

सेवा में,

**अधिशासी अभियन्ता निमार्ण खण्ड**
**लो0नि0वि0 रामनगर (नैनीताल)।**

विषय–जनपद नैनीताल में विधान सभा क्षेत्र कालाढूंगी के विकास खण्ड कोटाबाग के अन्तर्गत देचौरी नया पाण्डेगाव में आनन्द सिंह के घर से राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देचौरी देवगॉव मोटर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने कार्यालय अधिशासी अभियता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, रामनगर (नैनीताल) के प्रेषित पत्रांक 855 / 23 सी0 दिनांक 04.08.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि सम्बन्धित प्रकरण में तहसीलदार कालाढूंगी से जॉच कराई गयी तहसीलदार कालाढूंगी के पत्र संख्या 323 / एम0जे0 / 2020 दिनाक 5.10.2020 के द्वारा अवगत कराया गया है। कि ग्राम देचौरी देगाव में श्री आनन्द सिंह के घर से होते हुए राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देचौरी देगाव मोटर मार्ग के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है उक्त मार्ग श्री आनन्द सिंह के घर से लगते हुए होकर श्री नन्दन सिंह, श्री हरीदत्त जोशी की भूमि के समीप से गुजरते हुए राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देचौरी देगाव तक बनना सम्बन्धित विभाग लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया है, उक्त मोटर मार्ग बनने में वन भूमि का हिस्सा भी पड़ता है जिसके सम्बन्ध में वन भूमि अनापत्ति हेतु सम्बन्धित वन विभाग से आख्या /अनापत्ति लिया जाना उचित प्रतीत होता है।

उक्त मार्ग के निर्माण हेतु बीना त्रिपाठी क्षेत्र पंचायत सदस्य नाथूनगर, वि0ख0 कोटाबाग (नैनीताल) व आशा आर्य जिला पंचायत सदस्य 18 गुलजारपुर बकी ,वि0ख0 कोटाबाग (नैनीताल) द्वारा मार्ग निर्माण की सहमति हेतु पत्र श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय कालाढूगी नैनीताल को प्रेषित किया गया है। उनके द्वारा प्रेषित पत्र में अवगत कराया गया है। कि उक्त मार्ग का निर्माण आवश्यक है।

ग्राम प्रधान गीता तिवारी ग्राम पंचायत नया पाण्डेगाव वि0ख0 कोटाबाग (नैनीताल)द्वारा उक्त मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में आपत्ति पत्र भी दिनांक 24 / 08 / 2020 को दिया गया है।

उक्त मार्ग के बनने से वर्तमान में 3(तीन) परिवार श्री आनन्द सिंह, श्री नन्दनसिंह व श्री हरीदत्त जोशी व उनके पुत्रगणों के परिवारों को लाभवन्वित होना प्रतीत होता है। साथ ही यह मार्ग राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देचौरी गॉव तक पक्का बनाने में श्री आनन्द सिंह के घर से उक्त विद्यालय तक आवागमन मार्ग भी सुलभ होना प्रतीत होता है। उक्त रास्ते में विद्यालय के बच्चें का आवगमन भी होगा। जो उपरोक्त परिवारों के होगें।

अतः तहसीलदार कालाढूंगी की जॉच आख्या मय मूल में सलग्न सहित सेवा मे प्रेषित।

सलंग्न–यथोपरि।

o.c उपजिलाधिकारी
कालाढूंगी।